# आदेश

भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय देहरादून के पत्र संख्या–8बी/यू.सी.पी./07/147/2018/एफ.सी./1727 दिनांक 31.10.2019 के द्वारा जनपद पिथौरागढ़ अन्तर्गत 220 के.वी. सर्किट जौलजीबी–पिथौरागढ़ परेषण लाईन हेतु ली जा रही 58.449 है0 वन भूमि के बदले 116.898 है0 सिविल भूमि वन विभाग के नाम हस्तान्तरण/नामान्तरण की शर्त पर वन भूमि हस्तान्तरण की सैद्धान्तिक स्वीकृति निर्गत की गयी है।

राजस्व अनुभाग–2, उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या–2173/XVIII(II)/2012–18 (120)/2010 दिनांक 17.12.2012 में निहित प्राविधानों के अनुसार जनपद पिथौरागढ़ अन्तर्गत 220 के.वी. सर्किट जौलजीबी–पिथौरागढ़ परेषण लाईन हेतु ली जा रही 58.449 है0 वन भूमि के बदले उप जिलाधिकारी, डीडीहाट की आख्या/सहमति के आधार पर ग्राम भेलिया पट्टी बगड़ीहाट तहसील डीडीहाट के गैर जमींदारी विनाश खतौनी खाता संख्या–21 श्रेणी–09(3)ड़ बंजर काबिल आवाद के कुल 11 खेतों की 14.627 है0, श्रेणी–10(4) बंजर नाकाबिल आवाद के कुल 04 खेतों की 5.789 है0, ग्राम सांवलीसेरा पट्टी बगड़ीहाट तहसील डीडीहाट के गैर जमींदारी विनाश खतौनी खाता संख्या–16 श्रेणी–09(3)ड़ बंजर काबिल आवाद के कुल 07 खेतों की 10.677 है0, ग्राम डोकुना पट्टी गर्खा तहसील डीडीहाट के गैर जमींदारी विनाश खतौनी खाता संख्या–06 श्रेणी–09(3)ड़ बंजर काबिल आवाद के कुल 14 खेतों की 11.665 है0, ग्राम डांगटी पट्टी गर्खा तहसील डीडीहाट के गैर जमींदारी विनाश खतौनी खाता संख्या–03 श्रेणी–09(3)ड़ बंजर काबिल आवाद के कुल 16 खेतों की 21.677 है0, ग्राम घिंघरानी पट्टी बगड़ीहाट तहसील डीडीहाट के गैर जमींदारी विनाश खतौनी खाता संख्या–06 श्रेणी–09(3)ड़ बंजर काबिल आवाद के कुल 06 खेतों की 12.456 है0, ग्राम चमतोली पट्टी बगड़ीहाट तहसील डीडीहाट के गैर जमींदारी विनाश खतौनी खाता संख्या–03 श्रेणी–09(3)ड़ बंजर काबिल आवाद के कुल 06 खेतों की 21.304 है0 तथा ग्राम सिलौनी पट्टी बगड़ीहाट तहसील डीडीहाट के गैर जमींदारी विनाश खतौनी खाता संख्या–31 श्रेणी–09(3)ड़ बंजर काबिल आवाद के कुल 10 खेतों की 18.703 है0 कुल 05 ग्रामों के 74 खेतों की 116.898 है0 (संलग्न खसरे के अनुसार) सिविल भूमि वन विभाग के नाम हस्तान्तरण/नामान्तरण की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

तहसीलदार, डीडीहाट स्वीकृत भूमि का हस्तान्तरण/नामान्तरण वन विभाग के नाम करना सुनिश्चित करें।

**दिनांक जनवरी 28, 2021**

(डॉ0 विजय कुमार जोगदण्डे)
जिलाधिकारी, पिथौरागढ़।

**कार्यालय जिलाधिकारी पिथौरागढ़।**

संख्या–756 /सात–03 /2020–21 दिनांक जनवरी 28, 2021

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्रभागीय वनाधिकारी पिथौरागढ़।
2. प्रभारी अधिकारी वन, जिला कार्यालय पिथौरागढ़।
3. उप जिलाधिकारी डीडीहाट।
4. तहसीलदार डीडीहाट को प्रश्नगत भूमि के खसरे की प्रति इस निर्देश के साथ प्रेषित कि नियमानुसार स्वीकृत भूमि का वन विभाग के पक्ष में हस्तान्तरण/नामान्तरण सुनिश्चित करें।
5. मुख्य प्रबन्धक, पावर ग्रिड जौलजीबी, पिथौरागढ़ को सूचनार्थ प्रेषित।

28/01/21.

(डॉ0 विजय कुमार जोगदण्डे)
जिलाधिकारी, पिथौरागढ़।